# केंद्र ने राजस्थान में सड़क विकास के लिये 972 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में **सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री** नितिन गडकरी ने राजस्थान में सड़कों को चौड़ा करने के लिये 972.80 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी।

## मुख्य बिंदु:

- यह राशि **31 प्रमुख ज़िला सड़कों और राज्य राजमार्गों** के चौड़ीकरण तथा सुदृढ़ीकरण कार्य के लिये स्वीकृत की गई है।
- केंद्रीय **सड़क और बुनियादी ढाँचा कोष (CRIF) सेतु बंधन योजना** के तहत विभिन्न ज़िलों में 7 रोड ओवर ब्रिज/रोड अंडर ब्रिज/फ्लाईओवर के निर्माण कार्य के लिये 384.56 करोड़ रुपए स्वीकृत किये गये हैं।

## सेतु बंधन योजना

- "सेतु बंधन योजना" सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा शुरू किया गया एक कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य **राज्य की सड़कों पर रेल ओवर ब्रिज (ROBs), रेल अंडर ब्रिज (RUBs) तथा अन्य पुलों के निर्माण** कार्य को सुविधाजनक बनाना है।
- यह कार्यक्रम **मौजूदा क्रॉसिंग/समपारों के स्थान पर पुलों का निर्माण कर सड़क सुरक्षा में वृद्धि करने के लिये** डिज़ाइन किया गया है, जिससे अंततः इन स्थानों पर दुर्घटनाओं में कमी आएगी।

## केंद्रीय सड़क और बुनियादी ढाँचा कोष (CRIF)

- केंद्रीय सड़क और बुनियादी ढाँचा कोष **(जिसे पहले सेंट्रल रोड फंड के नाम से जाना जाता था)** की स्थापना वर्ष 2000 में **केंद्रीय सड़क कोष अधिनियम, 2000** के तहत की गई थी।
- इस फंड में **पेट्रोल और डीज़ल पर उत्पाद शुल्क के साथ लगाया गया उपकर** शामिल है।
- CRIF वित्त मंत्रालय के नियंत्रण के अधीन है।
- पहले यह **सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के अधीन** था।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/centre-sanctions-rs-972-crore-for-roads-development-in-rajasthan